B.A. (CBCS Pattern) Semester-IV

# BA12B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 3

Time : Three Hours

* 1 8 7 3 *

**GUG/S/25/12067**

Max. Marks : 80

---

सुचना:- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

i) 'देश, धर्म तथा शांतिसेवक' इन भजनों में व्यक्त राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के विचारों को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।

**अथवा**

ii) वर्तमान में राष्ट्रजागृति की आवश्यकता है। इस कथन को राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

**2.** निम्नलिखित समूहों में से **किसी एक** ही समूह के सभी उवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये। **20**

**समूह – 'अ'**

1) कितना किया कर्जा है, तुमने, छात्र क्या नहिं जानते?
भोगा न जाये दु:ख फिर जो जानते, पहिचानते।।
'सब देश बेचो, फिर भी कर्जा, हो नहीं सकता उदा।
यही सोचकर उन छात्र का, दिल टूटता हैं सर्वदा।।

2) इन हिंदूओं की बुध्दि-शक्ती, जागृती में लाइए।
आपस में झगड़े मोल लेकर, क्षीण नहिं बनवाइए।।
सब कुछ गयी, थोड़ी रही, उसको सम्हल रखके चलें।
तोभी भला होगा धरम का, बात को सब समझ लें।।

3) जिस काम में जनहित नहीं, वह काम तजना चाहिये।
जिस काम से लज्जा लगे, उससे न सजना चाहिये।।
जिस कार्य से शुभ बुध्दि हो, उस पर सदा ही प्रेम हो।
आत्मा जहाँ उन्नत बने, ऐसे हि अपने नेम हो।।

4) अपकिर्ति से वह दूर है, जिसके विनय सन्नीध है।
माँगे क्षमा अपराध की, उसे छूट उम्मीद है।।
पापी हो पर सत्संग में, हर दिन ही दिल से बँटता।
उध्दार होता है उसीका, ग्यान की यह श्रेष्ठता।।

**समूह – 'ब'**

1) इन्सान का मुख चमकता, कारण उसीका कार्य है।
उसके वचन में ओज, कारण उसी का शौर्य है।।
उसके हि हाथों लक्ष्मी है, कारण भरा औदार्य है।
उसके चरण मंगल करें, कारण वह सत्का सर्यू है।।

2) सब बात लेकरके पुरानी, काम यहाँ पर लाओगे।
इस आज के बदले जमाने को, कहाँ सिखलाओगे?
सब मूल्य बदले पाप के और पुण्य के, गुणधर्म के।।
सिध्दांत है, जिओ जिलाओ' साथि हो इस दर्प के।।

3) सेवक को सुख मिलता नही, कभु ना भिखारी मान ले।
व्यसनी न हो धनवान, व्यभिचारी को शुभगतिना मिले।।
लोभी को यश मिलता नहीं, अग्यानि को कीर्ती कहाँ?
नहीं आततायी बच सकें, भोगी को सुखशांती कहाँ।।

4) मंदीर पर ताबा करो, गौएँ कटाओ धाम में।
साधू को डालो जेल में, मदिरा को लाओ काम में।।
गुंडे बढ़ाओं, मान क्या, सत्ता भी उनको बाँद दो।
घर-घर कलह भी हो भले, फिर भी हमें ही 'वोट' दो।।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिये। **15**

1) ज्ञानमार्गी शाखा के प्रमुख कवि कबीरदास के काव्य की विशेषता लिखिये।

2) राम काव्य की प्रमुख विशेषताओं को लिखिये।

3) कवि जायसी के 'पद्मावत्' महाकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिये।

4) भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग क्यों कहां जाता हैं?

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिये। **15**

1) 'महादेवी वर्मा को आधुनिक युग की मीरा कहाँ जाता है।' इस कथन को उनके जीवन परिचय के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

2) माखनलाल चतुर्वेदी का जीवन परिचय लिखिये।

3) रविंद्रनाथ टैगोर का परिचय दीजिये।

4) आधुनिक युग के संत गाडगेबाबा का परिचय दीजिये।

5. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में लिखना अनिवार्य है। **10**

1) राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज का वास्तविक नाम क्या था?

2) 'अज्ञेय' का पूरा नाम क्या था?

3) कृष्णकाव्य के प्रमुख कवियों के नाम लिखिये।

4) भक्तिकाल के काल निर्धारण को स्पष्ट कीजिये।

5) किस काव्य में नारी को ईश्वर के प्रतीक के रूप में माना जाता है?

***********